पैसों के विवाद में राजीनामे करने के बहाने बुलाकर युवक की हत्या

चाकू घोंपकर युवक की हत्या करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

- आरोपियों ने मृतक के भाई पर भी चाकू से जानलेवा हमला किया
- गिरफ्तार बदमाशों में भट्टा बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में पैसों के लेनदेन के विवाद का राजीनामा कराने के बहाने बुलाकर युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें भट्टा बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है। वारदात में मृतक का भाई भी चाकू लगने से गंभीर घायल हुआ था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि शास्त्री नगर में पानी की टंकी के पास कुछ दिन पहले कय्युम और रफीक उर्फ बकरी चोर के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। विवाद को सुलझाने और राजीनामा कराने के बहाने दिलशाद उर्फ ढिल्लू ने कय्युम को मंदिर मोड पर बुलाया। कय्युम अपने भाई शाकिर देशवाली के साथ वहां पहुंचा।

पुलिस के अनुसार मौके पर बातचीत के दौरान आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान रफीक उर्फ बकरी चोर ने शाकिर देशवाली पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में शाकिर गंभीर घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। बीच-बचाव करने आए कय्युम पर भी हारून ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

वहीं इस घटना की गंभीरता को देखते हुए विद्याधर नगर थानाधिकारी सज्जन कुमार और डीएसटी प्रभारी दिलीप सोनी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर दबिश दी गई।

पुलिस ने मोहम्मद फरीद उर्फ फर्दू चाचा (37) निवासी न्यू संजय नगर, भट्टाबस्ती, शाहरुख (32) निवासी न्यू संजय नगर, भट्टाबस्ती और दिलशाद उर्फ ढिल्लु (40) निवासी सुदामापुरी, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद फरीद भट्टाबस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट व रंगदारी सहित 17 से अधिक मामले दर्ज हैं। शाहरुख के खिलाफ पांच और दिलशाद के खिलाफ तीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज बताए गए हैं। पुलिस मुख्य आरोपी रफीक उर्फ बकरी चोर, हारून, आसिफ उर्फ चाकू सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर वारदात में उनकी भूमिका और हत्या की साजिश से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

शाकिर की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार, शाकिर के घर में करीब दस दिन पहले ही बेटे का जन्म हुआ था। परिवार को क्या पता था कि नवजात के जन्म की खुशियां कुछ ही दिनों में मातम में बदल जाएंगी।

मालवीय नगर में फर्नीचर शोरूम में आग लगी

जयपुर । मालवीय नगर थाना इलाके में स्थित रस्तौगी फर्नीचर गैलरी में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। आग शोरूम की तीसरी मंजिल पर लगी, जहां सीतापुरा स्थित फैक्ट्री में तैयार होने वाला फर्नीचर स्टॉक करके रखा जाता था। आग की चपेट में आने से यहां रखा करीब 30 लाख रुपए का फर्नीचर जलकर राख हो गया। हालांकि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

मालवीय नगर थानाधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि देर रात शोरूम की तीसरी मंजिल से आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने वहां रखे फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। शोरूम में फर्नीचर का स्टॉक होने के कारण आग तेजी से फैल गई और आसपास के इलाके में धुआं फैल गया। दमकल की करीब पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकलकर्मियों की मशक्कत के बाद रात करीब साढ़े 12 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग से शोरूम की तीसरी मंजिल पर रखा फर्नीचर पूरी तरह जल गया। प्रारंभिक तौर पर करीब 30 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

होटल के कमरे में चल रहा था ऑनलाइन जुआ-सट्टा

युवती समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । वैशाली नगर थाना इलाके में मेलोडी होटल के कमरे में ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को होटल के कमरा नंबर 204 में दबिश देकर एक युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से दो लैपटॉप, एक टैबलेट और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच के जरिए सट्टे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अशोक पौडेल निवासी कुर्गा, जिला पर्वत, नेपाल, परीना गिरी (23) निवासी पड़रिया, जिला बाड़गंगा, नेपाल और पवन वैष्णव (38) निवासी इटरनल एग्जोटिया, पुणे, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर मेलोडी होटल के कमरा नंबर 204 में दबिश दी। मौके पर दो युवक और एक युवती मिले। पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन माध्यम से क्रिकेट सहित अन्य खेलों पर लोगों से रुपए लगवाकर सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर ऑनलाइन सट्टा चलाते थे। मौके पर करीब छह लाख रुपए के लेन-देन का हिसाब मिला, जबकि एक महीने का अनुमानित कारोबार करीब 18 लाख रुपए बताया गया है।

आरोपी परीना गिरी, अशोक पौडेल और पवन वैष्णव

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी नेपाल और महाराष्ट्र से जयपुर पहुंचे थे और यहां होटल में कमरा लेकर ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर रहे थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क से कितने लोग जुड़े हुए हैं और ऑनलाइन सट्टे के जरिए होने वाले लेन-देन का संचालन कहां से किया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो लैपटॉप, एक टैबलेट और पांच मोबाइल फोन जब्त किए हैं। सभी आरोपियों और बरामद सामान को आगे की कार्रवाई के लिए वैशाली नगर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। पुलिस बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर ऑनलाइन सट्टे के नेटवर्क, उससे जुड़े अन्य लोगों और आर्थिक लेन-देन की जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आर्थिक पहलू की भी जांच की जाएगी, ताकि दूसरे शहरों से आकर जयपुर में ऑनलाइन सट्टे का संचालन करने वाले लोगों के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

100 किलो खराब मावा और गुलाब जामुन का पेस्ट नष्ट कराया

जयपुर । 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को फुलेरा कस्बे में मिठाई प्रतिष्ठानों और कारखानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। इस दौरान करीब 100 किलो खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट कराई गई और विभिन्न खाद्य पदार्थों के 10 नमूने जांच के लिए लिए गए।

सीएमएचओ द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि टीम ने मैसर्स राहुल मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया। यहां बाहर से मंगाए गए मावा से मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। निरीक्षण के दौरान मावा प्रथम दृष्टया घटिया और खट्टा पाया गया। टीम ने मावा का नमूना लिया और मौके पर ही मावा नष्ट करवा दिया। इसके अलावा मावा बर्फ का एक नमूना जांच के लिए लिया गया। दूसरी कार्रवाई मैसर्स शर्मा मिष्ठान भंडार के पिपली का बास स्थित मिठाई कारखाने में की गई। यहां गुलाब जामुन तैयार करने के लिए मावा और मैदा का करीब 50 किलो पेस्ट तैयार कर कोल्ड स्टोर में रखा हुआ था। जांच के दौरान पेस्ट खराब पाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने इसका नमूना लेकर करीब 50 किलो पेस्ट मौके पर ही नष्ट करवा दिया। इसके अलावा मिल्क केक और दूध के नमूने भी लिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, राजेश नागर और ओमाशंकर शामिल रहे।

वाणिज्यिक कर विभाग की कार्रवाई में चिन्हित हुआ 2.83 करोड़ रु. टैक्स

- खैरथल, अलवर, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, सांगड़िया, श्रीगंगानगर, कोटपूतली-बहरोड़, सवाईमाधोपुर, नीमराना एवं भिवाड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में की थी कार्रवाई

जयपुर । वाणिज्यिक कर विभाग ने कर चोरी एवं अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के खिलाफ 14 से 19 अगस्त के दौरान राज्यभर में सघन सर्वे एवं तलाशी अभियान चलाया। खैरथल, अलवर, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, सांगड़िया, श्रीगंगानगर, सवाई माधोपुर, नीमराना, कोटपूतली-बहरोड़ एवं भिवाड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में करीब 2.83 करोड़ रुपए की प्रारंभिक कर देयता चिन्हित की गई।

कार्रवाई के दौरान करदाताओं ने करीब 2.06 करोड़ रुपए स्वेच्छा से जमा या रिवर्स किए। खैरथल की रामचंद्र राम निवास ऑयल मिल्स के मामले में गैर-मौजूद फर्म से करीब 20 लाख रुपए की आईटीसी लेने का मामला सामने आया। फर्म ने 19.05 लाख रुपए जमा किए। अलवर की आर.आर. ऑयल एंड फैट्स प्राइवेट लिमिटेड में भी गैर-मौजूद फर्म से करीब 15 लाख रुपए की आईटीसी लेने का मामला सामने आया, जिसमें 14.85 लाख रु. जमा किए गए। चित्तौड़गढ़ की मेवाड़ इन्फ्रा डेवलपर्स एलएलपी में करीब 32 लाख रुपए की अपात्र आईटीसी पाई गई, जिसे करदाता ने रिवर्स किया। नीमराना की कमल सीईडी सॉल्यूशंस एलएलपी में करीब 20.51 लाख रुपए की अपात्र आईटीसी का मामला सामने आया। भिवाड़ी की विरगो ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड में करीब 50 लाख रुपए की आईटीसी की जांच के दौरान 74.15 लाख रुपए स्वेच्छा से जमा किए गए। श्रीगंगानगर की श्री टायल इंडस्ट्रीज में स्टॉक एवं उत्पादन में अंतर से करीब 22 लाख रुपए की संभावित कर देयता चिन्हित हुई, धौलपुर की यादव इलेक्ट्रिकल्स में 19.73 लाख रुपए की संभावित देयता सामने आई। सांगड़िया की वीर चंद एंड संस में 10.08 लाख रुपए तथा सवाई माधोपुर की अंबिका बल्क कैरियर में 78.58 लाख का कर प्रभाव चिन्हित किया।

कलाकारों ने बिखेरे मल्हार के इंद्रधनुषी रंग

जयपुर । शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से मंगलवार को दो दिवसीय संगीत समारोह शुरू हुआ। समारोह के पहले दिन मल्हार के विभिन्न रूपों में सावन की छटा निखर उठी।

बाल एवम् युवा कलाकारों ने सुरीले सुरों में राग मल्हार के इंद्रधनुषी रंग दर्शाए। कलाकारों ने मेघ मल्हार, गौड़ मल्हार, रामदासी मल्हार, सुर मल्हार, मियां की मल्हार, मोद मल्हार के सुर साधे। इस दौरान कलाकारों ने कहीं काली घटाओं की आहट, कहीं फुहारों की चंचलता, कहीं गंभीरता को सुरों में पिरोया। खुशबू कंवर, वनिता हिरानी, वरुण जांगिड़, अंजलि शर्मा, गर्विता मंगल, निधि कुमारी, जयति कुमारी, विशाल, नीरव शर्मा, दिव्यांगिनी शर्मा, रियाशी अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह जैसे कलाकारों ने विभिन्न तालों में बंदिशों में राग मल्हार के कई रूपों को साकार किया। सभी कलाकारों ने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव से खासा प्रभावित किया। सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के आखिरी दिन बुधवार को बॉलीवुड के अमर गायक मुकेश की याद में कार्यक्रम होगा।

सार-समाचार

सरलता सिद्धि का मार्ग व साधना का द्वार'

जयपुर । अणुविभा केन्द्र, मालवीय नगर में सोमवार को आयोजित धर्मसभा में आचार्य तुलसी की कृति 'भरत मुक्ति' पर प्रवचन करते हुए मुनिश्री तत्त्व रुचि 'तरुण' ने कहा कि सरलता सिद्धि का मार्ग है और साधना का प्रवेश द्वार है। उन्होंने कहा कि प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव जी की माता भगवती मरुदेवा अपनी सहज आंतरिक निर्मलता और हृदय की सरलता के कारण सिद्धत्व को प्राप्त हुई थीं। मुनिश्री ने जीवन में ऋजुता का गुण अपनाने का आ ान करते हुए कहा कि सरल रहकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि निष्कपट भाव बालक की विशेषता है, इसलिए सरलता सफलता और सिद्धि का मार्ग है। मुनिश्री संभव कुमार ने कहा कि धर्म साधना में सरलता पहली शर्त है। सरलता के बिना धर्माराधना फलदायी नहीं होती। उन्होंने कहा कि साधना में प्रवेश के लिए सरलता जरूरी है, क्योंकि सरल भाव रखने से शुद्धि और सिद्धि दोनों प्राप्त होती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत तीर्थंकर संभव प्रभु की भक्ति गीत से हुई। इस दौरान तनाव मुक्ति एवं स्मरण शक्ति के लिए प्रेक्षाध्यान के प्रयोग करवाए गए तथा मंगल संगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एमएनआईटी में मैटेरियल्स क्विज

जयपुर । इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित 34वीं प्रो. ब्रह्म प्रकाश मेमोरियल मैटेरियल्स क्विज-2026 में जैपुरिया विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एमएनआईटी जयपुर परिसर में आयोजित दूसरे चरण में विद्यालय की दो टीमों ने प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्तिकेय नरेड़ा एवं सिद्धांत सांडिल्य की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनिरुद्ध सिंह एवं अनमोल सोनी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रथम चरण में जैपुरिया विद्यालय की तीन टीमों ने दूसरे चरण के लिए क्वालीफाई किया था। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कार्तिकेय नरेड़ा एवं सिद्धांत सांडिल्य की टीम अब राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विजेता टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

एसडीआरएफ मुख्यालय में पौधारोपण

जयपुर । मानसून सत्र के मद्देनजर एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय गाडोता में सघन वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया। कमांडेंट एसडीआरएफ रेवन्त दान ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। अभियान का उद्देश्य बटालियन परिसर को हराभरा बनाना, पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और जवानों में प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट नरेश शर्मा, सहायक कमांडेंट जग्गूराम, संजय कुमार शर्मा, दीपक कुमार, उमेश गौतम, रोहित चौधरी और अजय कुमार सहित बटालियन मुख्यालय के अधिकारी तथा रेस्क्यू टीम के जवानों ने पौधारोपण किया। बटालियन के प्रत्येक जवान की ओर से स्वप्रेरणा से पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बटालियन स्तर पर विशेष 'ग्रीन टीम' का गठन किया गया है। यह टीम पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा और संरक्षण की निगरानी करेगी। अभियान के जरिए एसडीआरएफ परिसर को अधिक हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के साथ जवानों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत किया जा रहा है।

विद्युत निगमों में भर्ती आवेदन की तिथि बढ़ाई

जयपुर । राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने कनिष्ठ अभियंता-प्रथम, कनिष्ठ लेखाकार एवं कनिष्ठ सहायक/वाणिज्यिक सहायक-द्वितीय के कुल 2005 पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 अगस्त 2026 की रात 12 बजे तक कर दिया गया है। अभ्यर्थी विद्युत निगमों की वेबसाइट से ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन कर सकेंगे।

आईएएस वर्मा और रोडवेज एम.डी. के खिलाफ श्रम न्यायालय के आदेश पर रोक

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने रोडवेज बस कंडक्टर के बकाया भुगतान से जुड़े मामले में आरएसआरटीसी के तत्कालीन एमडी आईएएस संदीप वर्मा व आरएसआरटीसी के एमडी पुरुषोत्तम शर्मा के खिलाफ श्रम न्यायालय के आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही प्रतिवादी को जवाब का समय देकर सुनवाई एक सितंबर को रखी है। जस्टिस अनुरूप सिंघी ने यह आदेश आरएसआरटीसी के एमडी व अन्य की याचिका पर दिए।

जयपुर मेट्रो-द्वितीय के श्रम न्यायालय-1 ने बस कंडक्टर सीताराम के मामले में रोडवेज के तत्कालीन एमडी आईएएस संदीप वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनके वेतन से कटौती कर वार्षिक ब्याज वसूलने सहित बकाया राशि वसूली नहीं होने तक उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही आरएसआरटीसी के एमडी पुरुषोत्तम शर्मा के वेतन से भी कटौती कर अतिरिक्त 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की वसूली करने और वसूली पूरी होने तक उनका वेतन रोकने के लिए कहा था। आरएसआरटीसी की ओर से एएजी भुवनेश शर्मा व अधिवक्ता तुषार शर्मा ने याचिका में अदालत को बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट ने 27 जुलाई को ही श्रम न्यायालय के 30 जून, 2026 के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाते हुए कहा था कि साल 2002 से पूर्व की अवधि के साप्ताहिक अवकाश के 52 दिनों का भुगतान दस दिन में किया जाए। जिस पर 13,076 रुपए उसी दिन कर्मचारी को दे दिया थे। ऐसे में लेबर कोर्ट को अतिरिक्त निर्देश देने की जरूरत नहीं थी। ऐसे में लेबर कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए। जिस पर अदालत ने लेबर कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए प्रतिवादी कर्मचारी को जवाब देने के लिए एक सितंबर तक का समय दिया है।

गणेश चतुर्थी पर्व की व्यवस्थाओं पर चर्चा

जयपुर (कासं)। गणेश चतुर्थी पर्व एवं 15 सितंबर को प्रस्तावित श्री गणेशजी की शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में बैठक हुई। कलक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को मोती डूंगरी गणेश मंदिर, ब्रह्मपुरी स्थित श्री गढ़गणेश मंदिर, नहर के गणेश मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। 15 सितंबर को शाम 4 बजे शोभायात्रा मोती डूंगरी गणेश मंदिर से रवाना होकर मोती डूंगरी रोड, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, चौगान चौराहा एवं ब्रह्मपुरी होते हुए श्री गढ़ गणेशजी मंदिर पहुंचेगी। कलक्टर ने पुलिस एवं यातायात पुलिस को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, यातायात डायवर्जन एवं पार्किंग की व्यवस्था के निर्देश दिए। नगर निगम को सफाई, प्रकाश, पेयजल, अग्निशमन, चल शौचालय एवं कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने को कहा गया। चिकित्सा विभाग को एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम, जेडीए को सड़कों की मरम्मत तथा पीडब्ल्यूडी को बैरिकेडिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। जयपुर डिस्कॉम को निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं ढीले तारों के दुरुस्तीकरण, पीएचईडी को पेयजल, आरटीओ को वाहनों की व्यवस्था तथा नागरिक सुरक्षा विभाग को स्वयंसेवकों की तैनाती के निर्देश दिए गए। मंदिरों का फायर ऑडिट कराने के साथ संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित कर सभी विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया। मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मंदिर में 7 से 15 सितंबर तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। इनमें 7 सितंबर को कलश यात्रा एवं जलाभिषेक, 8 को पुष्प नक्षत्र पंचामृत अभिषेक एवं विशेष केले की झांकी, 9 को मोदक की झांकी, 10 को फलों की, 11 को सब्जियों की, 12 को फूलों की झांकी, 13 को मेहंदी पूजन एवं सिंजारा तथा 14 सितंबर को विभिन्न आरतियों का आयोजन होगा। 15 सितंबर को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रदीप मोहन, डीसीपी यातायात योगेश बंसल, अतिरिक्त जिला कलक्टर दक्षिण युगांतर शर्मा सहित संबंधित विभागों एवं मंदिर प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गणेश चतुर्थी पर्व तथा शोभायात्रा को लेकर जयपुर में की जाने वाली तैयारियों पर चर्चा के लिए मंगलवार को मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन की बैठक आयोजित हुई।

निकाय चुनाव से पहले प्रदेश में कड़ी नाकाबंदी

राजस्थान पुलिस ने 929 स्थानों पर 50 हजार 662 वाहनों की जांच की

जयपुर । निकाय चुनाव से पहले राजस्थान पुलिस ने अपराधियों व संदिग्ध गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए प्रदेशभर में 929 स्थानों पर विशेष नाकाबंदी कर 50 हजार 662 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट में 9421 कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था वीके सिंह ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान वाहन चालकों के लाइसेंस, दस्तावेज और नंबर प्लेट की जांच के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और तस्दीक की गई। पुलिस ने चोरी के वाहनों, अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर भी नजर रखी।

इस नाकाबंदी में 27 हजार 397 दोपहिया और 23 हजार 265 चौपहिया वाहनों की जांच हुई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 2,685, बिना सीट बेल्ट 987 और शराब पीकर वाहन चलाने वाले 345 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं अस्पष्ट, निर्धारित पैटर्न से अलग या बिना नंबर प्लेट वाले 779 वाहनों, काली फिल्म लगे 741 वाहनों और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले 171 चालकों पर भी कार्रवाई हुई। पुलिस ने आबकारी, आर्म्स, एनडीपीएस, लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत 75 एफआईआर दर्ज कर 81 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं धारा 170 बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई में 205 लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 37 वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने विभिन्न स्थानों से अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियार भी बरामद किए।

अपहरण करके 25 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले बदमाश पकड़े

जयपुर । खोह नागोरियान पुलिस ने अपहरण और फिरौती की वारदात का खुलासा करते हुए अपहृत युवक को सकुशल दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

खोह नागोरियान थानाधिकारी सुनील गोदारा के अनुसार 24 अगस्त को मुनेश कुमार मीणा ने खोह नागोरियान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि उसका भतीजा पंकज कुमार मीणा 23 अगस्त की सुबह करीब 3 बजे अपने दोस्त योगेश शर्मा के साथ खातीपुरा आया था। इसी दौरान एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी ने पंकज की मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाश पंकज को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। इस वारदात के बाद व्हाट्सएप कॉल के जरिए पंकज को छोड़ने के एवज में 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने तकनीकी व पारंपरिक पुलिसिंग के साथ सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार जुटाई गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने अपहृत पंकज को सकुशल दस्तयाब कर लिया। इसके बाद वारदात में शामिल विशु पाराशर (23) निवासी भरतपुर और मंजीत शर्मा (21) निवासी दौसा को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है।